Roll No

Total No. of Questions : 23

Total No. of Printed Pages : 8

# S-101

हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष - 2022

High School Examination (Main) - 2022

## हिन्दी

## HINDI

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 80

निर्देश :

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 से 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक उपप्रश्न के लिए एक–एक अंक कुल 32 अंक निर्धारित हैं ।

(iii) प्रश्न क्रमांक 06 से 15 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द)

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द)

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए चार–चार अंक निर्धारित हैं । (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द)

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(अ) सूरसागर के रचनाकार हैं -

(i) तुलसीदास

(ii) कबीरदास

(iii) सूरदास

(iv) रहीमदास

(ब) 'प्रबंचना' का शाब्दिक अर्थ है -

(i) प्रेम

(ii) घृणा

(iii) बात्सल्य

(iv) धोखा

(स) करुण रस का स्थायी भाव है -

(i) श्रृंगार

(ii) रौद्र

(iii) शोक

(iv) भय

(द) शहर के मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा लगवा दी गई -

(i) व्यापारी द्वारा

(ii) प्रशासनिक अधिकारी द्वारा

(iii) किसान द्वारा

(iv) वकील द्वारा

(इ) 'दशानन' में समास है -

(i) द्वन्द्व

(ii) कर्मधारय

(iii) तत्पुरुष

(iv) बहुव्रीहि

(ई) 'भोलानाथ' का असल नाम था -

(i) तारकेश्वरनाथ

(ii) त्रयंबकेश्वरनाथ

(iii) नागेश्वरनाथ

(iv) धनेश्वरनाथ

2. सही जोड़ी मिलाकर लिखिए :

| स्तंभ क | स्तंभ ख |
|---|---|
| (अ) संस्कृति | (1) वाचाल |
| (ब) कन्यादान | (2) चौपाई छंद |
| (स) मैं क्यों लिखता हूँ | (3) लोकोक्ति |
| (द) अधिक बोलने वाला | (4) अज्ञेय |
| (इ) प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ | (5) ऋतुराज |
| (ई) नाच न जाने आँगन टेढ़ा | (6) भवंत आनंद कौसल्यायन |

3 सत्य / असत्य लिखिए :

(अ) सूरदास वल्लभाचार्य जी के शिष्य थे ।

(ब) 'मूरत मधुर मनोहर देखी' पंक्ति में यमक अलंकार है ।

(स) भगवान शाक्यमुनि अपना धर्मोपदेश प्राकृत भाषा में देते थे ।

(द) न्याय के अनुसार आचरण करना न्यायशीलता है ।

(इ) मृदंग एक तरह का वाद्य यंत्र है।

(ई) एलिजाबेथ द्वितीय 'जापान' की रानी थी ।

4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(अ) दुख है न चाँद खिला ______ रात आने पर। (शरद / बसंत)

(ब) लेखक स्वयंप्रकाश जी का जन्म ______ में हुआ । (भोपाल / इंदौर)

(स) फादर कामिल बुल्के की जन्मभूमि ____ थी । (भारत / बेल्जियम)

(द) लेखिका मन्नू भंडारी का जन्म गाँव में हुआ था । (रामपुरा / भानपुरा

(इ) 'सोलह छतों वाला घर' रचना की है । (कमलेश्वर / शिवपूजन सहाय

(ई) समास _____ प्रकार के होते हैं । (तीन / छह)

(उ) सोरठा छंद में चरण होते हैं । (तीन / चार)

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

(अ) भगवान शंकर का धनुष किसने तोड़ा था?

(ब) कवि के अनुसार किस ऋतु की आभा 'अट' नहीं रही है?

(स) उपमा अलंकार के कितने अंग होते हैं।

(द) खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी में कौन सा रस है।

(इ) जो शब्द सबसे कम समझ में आते हैं और जिनका उपयोग होता है सबसे अधिक उन्हें क्या कहते हैं?

(ई) जापान के हिरोशिमा में कौन सा बम गिराया गया था ?

(उ) 'अब चला जाए' किस प्रकार का बाक्य है ?

6. छायावादी काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

भक्तिकालीन काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

7. उद्धव के व्यवहार की तुलना किन-किन से की गई है ?

अथवा

लक्ष्मण द्वारा वीर योद्धा के संबंध में बताई गई दो विशेषताएँ लिखिए ।

8. तुलसीदास अथवा जयशंकर प्रसाद जी की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं पर लिखिए :

(i) दो रचनाएँ

(ii) काव्यगत विशेषता

9. महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई दो अन्तर लिखिए ।

अथवा

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए ।

10. अनुपास अलंकार की परिभाषा लिखिए ।

अथवा

हास्य रस का एक उदाहरण लिखिए ।

11. नाटक एवं एकांकी में कोई दो अन्तर लिखिए ।

अथवा

आत्मकथा एवं जीवनी में कोई दो अन्तर लिखिए ।

12. देताजी सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति को देखकर लेखक के मन में कौन सी कमी खटकी थी?

अथवा

भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

13. 'रामवृक्ष बेनीपुरी' अथवा महावीर प्रसाद द्विवेदी जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं पर लिखिए :

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा-शैली

14. भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

अथवा

रानी एलिजाबेथ के दरजी की परेशानी का कारण क्या था ?

15. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(i) नौ दो ग्यारह होना

(ii) आँखों का तारा

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(i) प्रतिदिन

(ii) राजपुत्र

16. अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए ।

अथवा

गीतिका छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए ।

17. संधि एवं समास में कोई तीन अन्तर लिखिए ।

अथवा

वाच्य की परिभाषा एवं वाच्य के प्रकार लिखिए ।

18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) सामाजिक जीवन के अन्तर्विरोधों को समाप्त करने का लक्ष्य ही सामाजिक समरसता का आधार है । समाज एक सम्पूर्ण इकाई है । जिसमें मनुष्य की शक्तियों के विकास की सभी संभावनाएँ निहित हैं । व्यक्ति की शक्तियाँ जीवन की विभिन्न दिशाओं को उद्घाटित करने वाली भले हों किन्तु समष्टि के साथ वह अपनी संवेदना में एक हृदय बनकर स्पंदित हों, पारस्परिक सहयोग और समन्वय के साथ सहानुभूति तो सामाजिक समरसता के लिए अनिवार्य शर्त है।

प्रश्न :

(i) गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) सामाजिक समरसता का क्या आधार है ?

(iii) सामाजिक समरसता के लिए अनिवार्य शर्त क्या है ?

अथवा

(2) निम्नांकित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कल हमारी कुटिया में बिन पूछे
तूफान दाखिल हो जाते थे
आज हमारे घरों में बिन दरवाजा खटखटाए
जो चले आ रहे हैं
उनसे हमारी दीवारें और छतें नहीं
हमारी बुनियाद चरमरा रही है।

प्रश्न :

(i) कल हमारी कुटिया में बिन पूछे कौन दाखिल हो जाते थे?

(ii) हमारी बुनियाद क्यों चरमरा रही है?

(iii) 'बुनियाद चरमराने' से कवि का क्या तात्पर्य है?

19. निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर संवादलेखन कीजिए

(i) कोविड-19

(ii) पर्यावरण सुरक्षा

20. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेकने के लिए हैं
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन है स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ।

अथवा

सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आपु।
विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहि प्रतापु ॥

21. निम्नलिखित गद्यांश की सतसंग व्याख्या लिखिए।

नाटकों में स्त्रियों का प्राकृत बोलना उनके अपढ़ होने का प्रमाण नहीं। अधिक से अधिक इतना ही कहा जा सकता है कि ये संस्कृत न बोल सकती थी। संस्कृत न बोल सकना न अपढ़ होने का सबूत है और न गंवार होने का।।

अथवा

संस्कृति के नाम से जिस कूड़े-करकट के ढेर का बोध होता है, वह न संस्कृति है न रक्षणीय वस्तु । क्षण-क्षण परिवर्तन होने वाले संसार में किसी भी चीज को पकड़कर बैठा नहीं जा सकता । मानव ने जब-जब प्रज्ञा और मैत्री से किसी नए तथ्य का दर्शन किया है तो उसने कोई वस्तु नहीं देखी है, जिसकी रक्षा के लिए दलबंदियों की जरूरत है ।

22. लाउड स्पीकर बंद करने का निवेदन करते हुए जिले के जिलाधीश महोदय को आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने हेतु अपने मित्र को पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :

(अ) आँखों देखा खेल का वर्णन

(ब) विज्ञान वरदान भी अभिशाप भी

(स) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)